<><><><><><><><>

1. संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से शुरू हो रहा है। यह चरण अगले महीने की दो तारीख तक चलेगा।
2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सबका साथ सबका विकास – जन आकांक्षाओं की पूर्ति विषय पर बजट पश्चात वेबिनार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करेंगे।
3. द्वीपसमूह में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रमों के आयोजन किए गए।
4. भारत ने तीसरी बार आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप जीतकर इतिहास रचा है।

<><><><><><><>

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से शुरू हो रहा है। यह चरण अगले महीने की दो तारीख तक चलेगा। लोकसभा में आज अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा होनी है। यदि आज लोकसभा में इस प्रस्ताव पर चर्चा होती है, तो श्री ओम बिरला सदन की कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं करेंगे और सदस्यों के साथ बैठेंगे। विदेशमंत्री डॉ. एस. जयशंकर को भी आज लोकसभा में पश्चिम एशिया की स्थिति पर बयान देना है। राज्यसभा में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा होगी।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सबका साथ सबका विकास – जन आकांक्षाओं की पूर्ति विषय पर बजट पश्चात वेबिनार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करेंगे। इस विषय के तहत शिक्षा और कौशल, स्वास्थ्य और आयुष, पर्यटन और आतिथ्य सहित विभिन्न सेक्टर पर देशभर में कई सत्र आयोजित होंगे। विचार–विमर्श में शिक्षा से लेकर रोजगार के अवसर, एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स, पूर्वोत्तर क्षेत्र में बौद्ध सर्किट तथा विरासत पर्यटन को बढावा देने पर चर्चा होगी।

<><><><><><><>

सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था चेतना की ओर से कल चिन्मय मिशन में रमेश जोशी द्वारा संपादित पुस्तक 'मैं सागर में खड़ा हूं' पुस्तक का विमोचन किया गया। यह पुस्तक अंतराष्ट्रीय हिन्दी समिति अमेरिका और अनुजा बुक्स दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में प्रकाशित किया गया है। पुस्तक में द्वीपसमूह के कवियों की वर्ष 2025 तक की कविताओं का संग्रह है। इस अवसर पर चिन्मय मिशन के स्वामी शुद्धानन्द सरस्वती मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने साहित्य से जुड़ी कविताओं और मातृभाषा के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष भानुप्रताप यादव, महासचिव डॉ. रेणु बाला, द्वीपों के जाने–माने उर्दू शायद आई ए खान और अन्य साहित्य प्रेमी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

उद्योग निदेशालय, की ओर से द्वीपों के स्थानीय युवाओं के लिए कौशल विकास ट्रेडों में तीन महीने का निःशुल्क व्यावसायिक प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य स्थानीय युवाओं, कारीगरों और जनजातीय समुदायों को व्यावहारिक कौशल प्रदान करना है। प्रशिक्षण 13 अप्रैल से 12 जुलाई तक विभागीय प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित होगा। इसमें पुरूषों के लिए बढ़ईगीरी, कारपेंटरी, जनरल इंजीनियरिंग और महिलाओं के लिए टेलरिंग एवं गारमेंट मेकिंग के अलावा बेंत और बांस कार्य भी शामिल है। प्रशिक्षण के लिए दसवीं पास और वैध स्थानीय प्रमाणपत्र धारक आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक उम्मीदवार आवेदन पत्र, चयन प्रक्रिया और अन्य जानकारी के लिए कार्यालय अवधि के दौरान उद्योग निदेशालय के प्रशिक्षण अनुभाग से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर देश भर में जल अर्पण दिवस के साथ जल महोत्सव का शुभारंभ हुआ। गुजरात में राष्ट्रव्यापी अभियान का उद्घाटन करते हुए जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने जल प्रबंधन में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने नागरिकों से वर्षा जल संचयन और जल के जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देने का आग्रह किया। श्री पाटिल ने कहा कि ग्रामीण पेयजल प्रणालियों के सतत प्रबंधन और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए यह महोत्सव 22 मार्च तक चलेगा। इस पहल के अंतर्गत ग्रामीण पेयजल आपूर्ति संपत्तियों को ग्राम पंचायतों और ग्राम जल तथा स्वच्छता समितियों को सौंपा जा रहा है। इससे जल जीवन मिशन के अंतर्गत सामुदायिक स्वामित्व को मजबूती मिलेगी।

<><><><><><><>

महिला दिवस के उपलक्ष्य में अंडमान निकोबार टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ने पर्यटन मंत्रालय और पर्यटन विभाग के समन्वय से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर दक्षिण अंडमान की अतिरिक्त जिला उपायुक्त प्रियंका कुमारी मुख्य अतिथि और पर्यटन मंत्रालय के सहायक निदेशक वेलमुरगन

सम्माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान प्रातरापुर की खंड विकास अधिकारी गुरप्रीत कौर विशेष अतिथि थीं। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन महिलाओं को सशक्त रहने के साथ उनके परिवार के प्रति जिम्मेदारियों और दायित्वों पर प्रकाश डाला।

अन्टोआ के महासचिव अब्दुल गफ्फुर ने पर्यटन क्षेत्र में योगदान दे रही महिलाओं को प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की उपलब्धियों और समाज में उनके योगदान को सम्मानित किया गया।

<><><><><><><>

भारत ने तीसरी बार आईसीसी टी–ट्वेंटी विश्व कप जीतकर इतिहास रचा है। इसके साथ ही उसने लगातार दो बार टी–ट्वेंटी विश्वकप जीतने का गौरव भी हासिल किया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में कल फाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर यह खिताब अपने नाम किया।

<><><><><><><>

खेल एवं युवा मामले विभाग ने शिक्षा निदेशालय और भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग से नेताजी स्टेडियम में महिलाओं के लिए दो दिवसीय खेल कार्यक्रम का आयोजन किया। इसका मुख्य उद्देश्य द्वीपों की महिलाओं के बीच खेल भागीदारी को बढ़ावा देना और एक स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में कई प्रतियोगिताओं के आयोजन किए गए। इस दौरान SYA जुम्बा क्लास की महिलाओं ने एरोबिक और जुम्बा प्रदर्शन भी किया। समापन समारोह के अवसर पर विद्युत निदेशक अंबिका रत्नो मुख्य अतिथि और शिक्षा निदेशालय के कार्यालय प्रमुख ज्ञान शील दुबे विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। विजेताओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस बीच, मध्योत्तर अंडमान जिला प्रशासन और वन स्टॉप सेंटर ने मायाबंदर अंचल के शिक्षा विभाग के सहयोग से कल नेताजी खेल परिसर में स्कूली छात्राओं और महिलाओं के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इन प्रतियोगिताओं में स्थानीय स्कूली छात्राओं और महिलाओं ने भाग लिया। समापन अवसर पर अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित भी किया।

<><><><><><><>